रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-739/2026/143/22-2-2026-17(1098)/2019

लखनऊ : दिनांक: 11 जून, 2026

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.7.2021 तथा शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर 2(घ) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर, 2025) के अवसर पर जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जल्लू (बन्दी संख्या-29/14) पुत्र श्री करीमुल्ला, निवासी झाझर, थाना-ककोड़, जनपद-गौतमबुद्धनगर, वर्तमान जनपद-बुलन्दशहर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-72/2002, में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 307/34 के अन्तर्गत मा० न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ०टी०सी०-5), गौतमबुद्धनगर के आदेश दिनांक-08.08.2007 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसकी अपील मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 13.02.2012 एवं मा० उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 04.01.2021 द्वारा निर्णीत करते हुये उक्त सजा को यथावत रखा गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 10.12.2025 तक अपरिहार 12 वर्ष, 00 माह, 22 दिन एवं सपरिहार 14 वर्ष, 08 माह, 16 दिन की सजा भोगी गयी है तथा जेल आचरण सन्तोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50000/-(रूपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र
संयुक्त सचिव।

संख्या-739/2026/143(1)/22-2-2026 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्धनगर/बुलन्दशहर।
3- पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गौतमबुद्धनगर/बुलन्दशहर।
4- अधीक्षक, जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर।
5- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 राज्य मंत्री जी के सूचनार्थ।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।